संपादकीय

अहा, मिलने-जुलने के वो दिन

नोटबंदी की दूसरी वर्षगांठ पर नोटबंदी विषय पर आयोजित निबंध में पहला पुरस्कार जिस निबंध को मिला, वह इस प्रकार है-

नोटबंदी की वर्षगांठ भी आ गयी। वर्षगांठ खाने-पीने के लिए होती हैं। होशियार लोग वक्त से पहले ही खा-पी जाते हैं। नोटबंदी जब घोषित हुई थी तब ही कई बैंकरों ने लाखों-करोड़ों खा लिये थे, तब ये बैंकर पांच सौ और एक हजार के नोट बदलवाने के लिए तीस-तीस परसेंट कमीशन खाते थे। भारत में खाने-पीने से बहुत मुहब्बत रखी जाती है। नोटबंदी पर कई बैंकर बहुत रकम खा गये। ऐसे बैंकर फिर इंतजार करते हैं बेकरारी से कि फिर नोटबंदी हो जाये तो फिर खाने-पीने का डौल जम जाये।

छज्जू चाट वाला भी अक्सर पूछता रहता है कि नोटबंदी फिर कब होगी। उसके पूछने की वजह यह है कि नोटबंदी के दिनों में बैंकों के सामने लंबी-लंबी लाइनें लगा करती थीं। छज्जू चाट वाले को अपना ठेला जगह-जगह घुमाना नहीं पड़ता था, एक ही जगह लाइन लगी मिल जाती थी ग्राहकों की। इसलिए जितनी आतुरता से कमीशन खाऊ बैंकरों को नोटबंदी का इंतजार है, उतनी ही आतुरता से छज्जू चाट वाला भी इंतजार करता है कि नोटबंदी दोबारा आ जाये।

नोटबंदी की प्रतीक्षा अब भी कईयों को हैं। नोटबंदी ने उन दिनों एक तबके की गहन दार्शनिकता का प्रसार कर दिया था। पांच सौ के, एक हजार के लाखों रिश्वती नोटों को देखकर रिश्वती अधिकारियों के मन में ख्याल आता था कि धन मिट्टी है, इस रकम की औकात मिट्टी जितनी है। इन्हें बैंकों में जमा कराते वक्त क्या जवाब देंगे। रिश्वत के प्रति जैसा दार्शनिक भाव नोटबंदी ने उन दिनों में कई अफसरों में भर दिया था, वह अभूतपूर्व था। पर भारत में अफसर दर्शन के सहारे नहीं, व्यावहारिकता के सहारे चलते हैं। इसलिए कुछ ही दिनों में दर्शनशास्त्र दुम दबाकर दुबक गया और कैश के सहारे रिश्वत फिर दबादब दौड़ने लगी।

नोटबंदी के दिनों में सामाजिकता की भावना में मजबूती आयी थी। महानगरों में लोग अपने पड़ोसी से भी नहीं मिलते। उन दिनों सब लोग नोट बदलवाने के लिए बैंकों के सामने लाइनों में लगा करते थे और एक-दूसरे से बातचीत में ही उन्हें पता लगता था कि अरे आप तो हमारे ठीक सामने वाले फ्लैट में रहते हैं बीस सालों से, मुलाकात आज यहां नोटबंदी के बाद लाइन में हुई है। कतिपय समाजशास्त्रियों का मानना है कि सामाजिकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर नोटबंदी की जानी चाहिए ताकि लोग लाइनों में लगकर एक-दूसरे से हिलमिलकर संवाद कर सकें। ताकि नकदहीनता की स्थिति में घर में चीनी न होने पर पड़ोसी से चीनी मांगने जायें और संवादरत हों।

चीनी मिल जाये, तो ठीक। चीनी न मिले तो भी बात तो चल निकले। नोटबंदी के बहाने बंदा वन टू वन आमने-सामने ही बेकार बातें करने लगे तो व्हाट्सअप में टाइम वेस्ट करने की जरूरत न बचे।

फेसबुक ने चुनाव में हस्तक्षेप के मकसद से बने और अकाउंट बंद किए

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। फेसबुक ने मंगलवार को कहा कि उसने अमेरिका के मध्यावधि चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से बनाए गए कुछ और अकाउंट को बंद कर दिया है। साथ ही सोशल नेटवर्किंग साइट ने कहा कि वह इनका रूस के साथ किसी तरह का संबंध होने का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

फेसबुक की साइबर सुरक्षा नीति के प्रमुख नथानियल ग्लीचर ने सोशल नेटवर्किंग साइट पर एक पोस्ट में कहा, जांच जारी रखते हुए हमने कुछ अतिरिक्त फेसबुक एवं इंस्टाग्राम अकाउंट का पता लगाया और उन्हें बंद कर दिया। अपराधियों की पहचान करने की चुनौती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इंटरनेट रिसर्च एजेंसी (आईआरए) से जुड़े होने का दावा करने वाली एक वेबसाइट ने उन इंस्टाग्राम अकाउंट की एक सूची प्रकाशित की है जो उसके द्वारा बनाए गए थे। आईआरए रूस की एक ट्रोल कंपनी है। ग्लीचर के मुताबिक फेसबुक पहले से ही उनमें से ज्यादातर अकाउंट बंद कर चुका है और एक आंतरिक जांच के बाद शेष को भी ब्लॉक कर दिया गया।

ग्लीचर ने कहा, अंततः इन प्रयासों को आईआरए से जोड़ कर देखा जा सकता है, लेकिन हम यह पूरी पुष्टि से कहने की स्थिति में नहीं हैं कि असल में मामला यही है या नहीं। मंगलवार को हटाए गए फेसबुक अकाउंट की संख्या 36 और इंस्टाग्राम अकाउंट की संख्या 99 हो गई थी।

दुर्लभ पिंक लेगेसी डायमंड 365 करोड़ रुपए में बिका

जेनेवा (आरएनएस)। दुर्लभ पिंक लेगेसी डायमंड 365 करोड़ रुपए (5 करोड़ डॉलर) में बिका है। आपको बता दें कि किसी भी पिंक डायमंड के लिए दुनिया की सबसे बड़ी बोली है। पिंक लेगेसी हीरा 19 कैरेट का है जिसे अमेरिका के लग्जरी ज्वैलर हैरी विंस्टन ने खरीदा है। जेनेवा ज्वेलरी सेल में इसे क्रिस्टीज ऑक्शन हाउस ने नीलाम किया है।

क्रिस्टीज ऑक्शन हाउस के मुताबिक पिंक लेगेसी डायमंड के लिए फोन पर 5 लोगों ने बोली लगाई थी। लेकिन, हैरी विंस्टन कंपनी कामयाब रही। उनका प्रतिनिधि मौके पर मौजूद था। क्रिस्टीज ने दूसरी सबसे बड़ी बोली लगाने वाली फर्म का नाम नहीं बताया लेकिन, कहा कि वह एशिया से थी।

नीलामी करने वाली संस्था क्रिस्टाई के प्रमुख फ्रांकोइज कुरियल ने कहा, प्रति कैरट 26 लाख डॉलर। किसी पिंक डायमंड की प्रति कैरट कीमत का यह विश्व रिकॉर्ड है।

कैसे बढ़ें नौकरियां-नारायणमूर्ति ने सुझाया मोदी सरकार को फॉर्मूला

देश में रोजगार नीति की सबसे बड़ी विडंबना है कि बीते एक दशक के दौरान देश में आर्थिक विकास की दर लगातार तेज हो रही है और रोजगार के आंकड़े गंभीर स्थिति में जा रहे है. जहां वैश्विक स्तर पर अर्थशास्त्री इसे जॉबलेस ग्रोथ कह रहे हैं, रोजगार की समस्या मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है.ऐसी स्थिति में ये सरकार की बेसब्री का नतीजा ही है कि हाल में दिए एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि जब सड़क के किनारे युवा पकौड़े बेचकर 200 रुपये प्रतिदिन कमा रहा है तो इसे रोजगार सृजन कहने की जरूरत है.बहरहाल, बीते दो दशक के दौरान देश में नई नौकरियां पैदा करने में महारत साबित करने वाले आईटी कंपनी इंफोसिस के को-फाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने अगले दशक में नौकरी सृजन करने का मंत्र मोदी सरकार को दिया. ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में नारायणमूर्ति ने कहा कि मोदी सरकार को चाहिए कि वह देश में कारोबारी के लिए अच्छे दिन लाने के साथ-साथ दुनियाभर से कारोबारियों को निवेश लाने का काम करें.



यूजर्स के लिए व्हाट्सएप लेकर आया नया फीचर

नई दिल्ली। व्हाट्सएप हमेशा से अपने यूजर्स को नया फीचर देता आया है. इस बार ये मैसेजिंग प्लेटफॉर्म कुछ नया लेकर आया है जहां अब आपके दोस्तों के स्टेटस को ये रैंक करेगा. यानी की आप अपने किस दोस्त से सबसे ज्यादा बात करते हैं उस हिसाब से आपके स्टेटस में ये उन दोस्तों का स्टेटस टॉप में दिखाएगा. ये फीचर उन लोगों के लिए काफी कारगर है जो दूसरों के स्टेटस को इग्नोर मारना चाहते हैं या नहीं देखना चाहते. एप आपके चैट के इंफॉर्मेशन को इकट्ठा कर आपके स्टेटस में उन लोगों के स्टेटस को सबसे ऊपर दिखाएगा जिनसे आप सबसे ज्यादा बात करते हैं. वहीं अगर आपका कोई अच्छा दोस्त है लेकिन आप उससे कम चैट करते हैं तो उस दोस्त का स्टेटस आपको आखिर में ही दिखे।

रोहित को भारत ए के चार दिवसीय मैच से विश्राम

नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रोहित शर्मा को न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच से विश्राम दिया गया है। रोहित को इस मैच के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया था लेकिन हाल की उनकी व्यस्तता को देखते हुए बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने टीम प्रबंधन और सीनियर चयन समिति के साथ विचार विमर्श करने के बाद उन्हें इस मैच से आराम देने का फैसला किया।

हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ ट्वंटी-20 सीरीज में कप्तानी संभालने वाले रोहित अब भारत की ट्वंटी-20 टीम के साथ 16 नवम्बर को मुंबई से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे।

महिला टी-20 विश्वकप : न्यूजीलैंड को हराकर आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में

गयाना (आरएनएस)। एलीसा हैली (53) के अर्धशतक के बाद मेगन शट (12/3) की शानदार गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने यहां जारी आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के ग्रुप-बी मैच में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई टीम की ग्रुप-बी में तीन मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है और वह छह अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वहीं, इसी ग्रुप में न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी हार है।

आस्ट्रेलिया ने यहां मंगलवार देर रात टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 153 रन का मबजूत स्कोर बनाया और फिर न्यूजीलैंड की टीम को 17.3 ओवर में 120 रन पर ढेर कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर से सुजी बेट्स ने सर्वाधिक 42, केटी मार्टिन ने 24 और लेघ कास्पेरेक ने 12 रन बनाए।

आस्ट्रेलिया की ओर से शट के अलावा सोफी मोलिनुक्स और डेलिसा किमिंसे ने दो-दो, जबकि एलीसे पैरी और एश्लेग गार्डनर ने एक-एक विकेट लिए। इससे, पहले आस्ट्रेलिया ने हैली के अर्धशतकों और बेथ मूनी के 26 और राकिएल हेयन्स के नाबाद 29 रन की मदद से सात विकेट पर 153 रन का स्कोर खड़ा किया। हैली ने 38 गेंदों की पारी में आठ चौके लगाए। न्यूजीलैंड की ओर से लेघ कास्पेरेक ने तीन, सोफी डेवाइन ने दो, हन्नाह रोवे तथा एना पीटरसन ने एक-एक विकेट चटकाए।

आज का राशिफल

मेष: किसी भी प्रकार के संकट में न पड़ने की सलाह गणेशजी देते हैं। व्यावसायिक स्थल पर आज ऊपरी अधिकारियों के साथ प्रेम से कार्य संपन्न होगा, उग्र चर्चा में न उतरें। भाग्य साथ नहीं दे रहा है, ऐसा अनुभव हो सकता है।

वृषभ: आपकी भावुकता आपको अस्वस्थ बना सकती हैं। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। नए कार्य का प्रारंभ आज न करें।

मिथुन: आज आमोद-प्रमोद में अपने आपको मुक्त देने का दिन हैं। मनोरंजन प्रवृत्ति में आप खोए से रहेंगे। मित्रों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन होगा। अच्छा खान-पान उपलब्ध होगा। मध्याह्न के बाद कुछ अधिक ही भावुक हो सकते

कर्क: व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। प्रतिस्पर्धियों को भी अधिक लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह: प्रणय-प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल हैं। क्रोध पर संयम रखें अन्यथा हानि हो सकती हैं। पेट से संबंधित रोगों से शारीरिक कष्ट हो सकता है।

कन्या: आज शारीरिक स्फूर्ति तथा मानसिक उल्लास का अभाव सा रहेगा। सामाजिक रूप से अपमान न हो, इसका ध्यान रखें। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

तुला: नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई भेंट आनंददायी रहेंगी। भाग्यवृद्धि होगी। सामाजिक रुप से मान-सम्मान प्राप्त होगा।

वृश्चिक: आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। निर्धारित कार्य संपन्न न होने के कारण हताशा का अनुभव हो सकता हैं। किसी भी महत्वपूर्ण कार्य अथवा उसके विषय में निर्णय न लेने की गणेशजी की सलाह हैं।

धनु: आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी हैं। कार्यसिद्धि और लक्ष्मी प्राप्ति दोनों की आज प्राप्ति होगी। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे।

मकर: आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। वाणी और क्रोध पर संयम रखें अन्यथा हानि हो सकती हैं। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद न हो जाए, इसका ध्यान रखें।

कुंभ: आज का दिन लाभप्रद हैं। सामाजिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे और मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विद्यार्थियुओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने से आनंद में भी वृद्धि होगी।

मीन: आज का दिन लाभप्रदो हैं, ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी परोपकार का कार्य आपके द्वारा होगा। व्यापार में उचित आयोजन के द्वारा व्यापार- वृद्धि कर सकेंगे। उच्च अधिकारीगण आप के कार्य की प्रशंसा आनंदपूर्वक करेंगे।

पितृदोष से पीड़ित लोग जरूर करें देव उठावनी एकादशी व्रत

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे हरिशयनी या देवशयनी एकादशी कहते हैं, के दिन ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र, अग्नि, वरुण, कुबेर, सूर्य आदि से पूजित श्रीहरि क्षीरसागर में चार माह के लिए शयन करने चले जाते हैं। इन चार माह के दौरान सनातन धर्म के अनुयायी विवाह, नव भवन निर्माण आदि शुभ कार्य नहीं करते। श्री विष्णु के शयन की चार माह की अवधि समाप्त होती है कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को। इस दिन श्रीहरि जाग जाते हैं। इस एकादशी को देव उठावनी और देव प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। इस बार यह 19 नवंबर को है। इसी दिन से मांगलिक कार्य भी शुरू हो

जाते हैं। यूं तो श्रीहरि कभी भी सोते नहीं, लेकिन 'यथा देहे तथा देवे' मानने वाले उपासकों को विधि-विधान से उन्हें जगाना चाहिए। श्री हरि को जगाते समय- 'उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द त्यज निद्रां जगत्पते। त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत् सुप्तं भवेदिदम्॥ उत्थिते चेष्टते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव। गता मेघा वियच्चैव निर्मलं निर्मलादिशः॥ शारदानि च पुष्पाणि गृहाण मम केशव।' आदि मंत्रों का उच्चारण करना चाहिए। .

इस एकादशी के बारे में कहा जाता है कि इसका उपवास कर लेने से हजार अश्वमेघ एवं सौ राजसूय यज्ञ का फल मिलता है। पितृदोष से पीड़ित लोगों को अपने पितरों के लिए यह व्रत जरूर करना चाहिए, जिससे उनके पितृ नरक के दुखों से छुटकारा पा लें। पौराणिक कथा है कि एक राजा के देश में सभी एकादशी का व्रत करते थे। केवल फलाहार लेते थे। व्यापारी इस दिन अन्न आदि नहीं बेचते थे। राजा की परीक्षा लेने के लिए एक दिन श्रीहरि एक सुंदर स्त्री का रूप बना कर वहां आए। उसी समय राजा उधर से जा रहे थे। राजा ने स्त्री से विवाह करने की इच्छा प्रकट की।

तब उसने शर्त रखी, 'मैं इस शर्त पर विवाह करूंगी, जब आप राज्य के सारे अधिकार मुझे देंगे। जो भोजन मैं बनाऊंगी, वही खाना होगा।' राजा मान गए। एकादशी पर रानी ने बाजार में अन्न बेचने का हुक्म दिया। घर में मांसाहारी चीजें बनाईं। तब राजा ने कहा, 'मैं एकादशी को सिर्फ फलाहार ही करता हूं।'

फेवरेट फूड ग्रिल्ड वेजीटेबल्स बनाने का तरीका

नमक- एक चुटकी
काली मिर्च- एक चुटकी
वेजीटेबल्स- आप जो चाहें ले सकते हैं (न्युट्रीला सोयाबीन, गाजर कटे हुए, लाल प्याज, स्वीट पेपर, मटर, कॉर्न)

विधि -

अपनी पसंद के सब्जियां इकट्ठी कर लें। उन्हें एक साथ एक बाउल में रखें। उन्हें एक घंटे तक फ्रीज में रख लें। इसे कोकोनट मिल्क में डुबोएं। थोड़ी देर के बाद इसे निकाल कर इसमें नमक और मिर्च डाल कर मिक्स करें।सारे मसाले मिक्स करके थोड़ी देर के लिए हल्का ब्राउन होने तक पकाएं। ग्रिल्ड वेजीटेबल्स तैयार हैं। इसे नाइफ के साथ रुम टेम्प्रेचर पर सर्व करें।

सामग्री -

फैट मिल्क या कोकोनट मिल्क दो कप

लहसुन की कलियां- 4 बारीक कटे हुए

अदरक- 1 1/2 इंच कटे हुए

काली मिर्च - एक चौथाई छोटी चम्मच

जीरा पाउडर- एक चौथाई छोटी चम्मच

शब्द सामर्थ्य- 87

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पंति 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, चौथी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भंवर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भभ 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चाँद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भौंड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाले 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मस्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पर्याय्वा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंडल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 86 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

सू-दोकू- 87

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 86 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4